# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–800 001

(पंजीयन सं०–633/2003)

E-mail : basa_bihar@yahoo.com

पत्रांक : 13

दिनांक 14/6/2009

अध्यक्ष

अरूण चन्द्र मिश्र

(M) 9835281295

(M) 9939469410

(R) 0612-2526123

+ + +

उपाध्यक्ष

* शम्भु नाथ मिश्र

(M) 9431619672

(O) 9334387630

(F) 0612-2504498

(R) 0612-2288139

* अखलाक अहमद

(M) 9934280177

(O) 0612-2219693

+ + +

महासचिव

सुशील कुमार

(M) 9431091417

(O) 9431818484

+ + +

संयुक्त सचिव

* राजयनन्द बड़ियार

(M) 9431093157

(O) 9431818010

* अनिल कुमार

(M) 9431409463

+ + +

कोषाध्यक्ष

चन्द्र शेखर सिंह

(M) 9334131351

+ + +

संयुक्त कोषाध्यक्ष

सोमेश बहादुर माथुर

(M) 9431407901

(O) 9334387555

## दिनांक 14.06.2009 को केन्द्रीय कार्यकारिणी संघ की बैठक की कार्यवाही

**उपस्थिति पंजी के अनुसार**

दिनांक 14.06.09 को बिहार प्रशासनिक सेवा संघ के अध्यक्ष, श्री अरुण चन्द्र मिश्र की अध्यक्षता में केन्द्रीय कार्यकारिणी की मासिक बैठक आहूत की गयी। बैठक को सम्बोधित करते हुए महासचिव, श्री सुशील कुमार ने स्पष्ट किया कि लोक सभा चुनाव में सभी पदाधिकारियों की व्यस्तता के कारण विगत 4 माह से संघ की बैठक आयेजित नहीं की जा सकी है। साथ ही उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि अब प्रत्येक माह कार्यकारिणी की बैठक बुलाई जायेगी।

महासचिव द्वारा बिहार प्रशासनिक सेवा के बेसिक ग्रेड का वेतनमान 8000–13500 पुनरीक्षित किये जाने को संघ की एक बड़ी उपलब्धि बताते हुए सभी सदस्यों को बधाई दी गयी।

महासचिव द्वारा गृह विभाग के आदेश के विरूद्ध पुलिस प्रशासन द्वारा संघ के पदाधिकारियों पर प्राथमिकी दर्ज किये जाने के संबंध में रोष प्रकट किया गया तथा इसपर सार्थक कारवाई का आश्वासन दिया गया। सभी जिला इकाईयों से यह भी अनुरोध किया गया कि जिला स्तर पर संघ के पदाधिकारियों के विरूद्ध प्राथमिकी/प्रशासनिक कार्रवाई के संबंध में जाँच की जाय तथा इसके फलाफल से केन्द्रीय कार्यकारिणी को सूचित किया जाय, ताकि आवश्यकता अनुरूप सशक्त रूप से इन मुद्दों को सरकार के समक्ष उठाया जा सके। साथ ही महासचिव द्वारा सभी सदस्यों से वार्षिक देयता (वार्षिक चन्दा 200 रु0, कल्याण कोष 100 रु0, सांस्कृतिक कोष 100 रु0 तथा संघ की पत्रिका का अग्रिम जमा 100 रु0) जमा करवाने का निर्णय लिया गया। इसके अतिरिक्त संघ के आय–व्यय का अंकेक्षण करने हेतु भी निर्णय लिया गया।

यह भी निर्णय लिया गया कि संघ की पत्रिका, प्रशासन में समुचित सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाया जाय। पत्रिका को वर्ष में चार बार प्रकाशित करने पर निर्णय लिया गया। यह निर्धारित किया गया कि जो सदस्य पत्रिका का वार्षिक मूल्य 100/–रु0 अग्रिम देंगे उन्हें स्वतः पत्रिका के चार अंक उपलब्ध कराया जायेगा।

# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–800 001

(पंजीयन सं०–633/2003)

E-mail : basa_bihar@yahoo.com


पत्रांक :................................ दिनांक ................................


अध्यक्ष
अरूण चन्द्र मिश्र
(M) 9835281295
(M) 9939469410
(R) 0612-2526123

उपाध्यक्ष
* शम्भु नाथ मिश्र
(M) 9431619672
(O) 9334387630
(F) 0612-2504498
(R) 0612-2288139

* अखलाक अहमद
(M) 9934280177
(O) 0612-2219693

महासचिव
सुशील कुमार
(M) 9431091417
(O) 9431818484

संयुक्त सचिव
* राजयनन्द बडियार
(M) 9431093157
(O) 9431818010

* अनिल कुमार
(M) 9431409463

कोषाध्यक्ष
चन्द्र शेखर सिंह
(M) 9334131351

संयुक्त कोषाध्यक्ष
सोमेश बहादुर माथुर
(M) 9431407901
(O) 9334387555


उन्होने जानकारी दी कि 30वीं बैच के श्री रमेश प्रसाद, जिला पंचायती राज पदा0, अरड़िया द्वारा अपने बैच का रजत जयंती समारोह मनाने के लिए दिनांक 28.06.09 को बिहार प्रशासनिक सेवा संघ भवन में अपराह्न 2.00 बजे बैठक करने की अनुमति मांगी गयी है, जिसे सहर्ष स्वीकार किया गया। यह एक सराहनीय पहल है तथा इस प्रकार के आयोजन को संघ की तरफ से भी किये जाने पर जोर दिया गया।

2. इसके उपरान्त श्री उदय प्रकाश सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी, बथनाहा,, सीतामढ़ी द्वारा उस जिला के जिला परिषद् अध्यक्ष द्वारा उपविकास आयुक्त की बेईज्जती करने एवं दोनों पक्षों द्वारा एक दूसरे के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज किये जाने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गयी जिससे स्पष्ट हुआ कि जिला परिषद् अध्यक्ष द्वारा हरिजन एक्ट में पुर्णतः निराधर रूप से उपविकास आयुक्त, सीतामढ़ी को प्रताड़ित करने हेतु प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है जिसका संघ प्रतिकार करता है।

3. श्री कुमार रविन्द्र, प्रखंड विकास पदाधिकारी, मोहर, गया द्वारा संघ का बेवसाईट बनाने का सुझाव दिया गया। जिसे एकमत से स्वीकार करते हुए श्री राजेश कुमार, वरीय प्रबंधक, बी.एस.बी.सी.एल को इस कार्य के लिए प्राधिकृत किया गया। श्री राजेश कुमार को निदेश दिया गया कि Website Develop करने संबंधी प्रतिवेदन 15 दिनों के अन्दर संघ की कार्यकारिणी के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। श्री अजय कुमार चौधरी, उप सचिव, वित्त ने इस कार्य में उन्हें पुर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

4. श्री गुलाब हुसैन, प्रखंड विकास पदाधिकारी, गुरूआ, श्री राजेश कुमार प्रखंड विकास पदाधिकारी, टनकुपा, श्री दिनेश राय, विशेष कार्य पदाधिकारी, ग्रामीण विकास विभाग, श्री आशुतोष वर्मा, प्रखंड विकास पदाधिकारी, बोचहा, श्री राजयनन्द बडियार, संयुक्त सचिव सहित अन्य पदाधिकारियों ने बतलाया कि गृह विभाग द्वारा निर्गत अनुदेश का उल्लघंन करते हुए क्षेत्रीय पदाधिकारियों के विरूद्ध अनावश्यक प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई बिना प्रशासी विभाग की अनुमति प्राप्त किये निगरानी विभाग द्वारा की जा रही है।

उपस्थित सदस्यों ने इसपर क्षोभ व्यक्त किया एवं सरकार का ध्यान इस ओर आकृष्ट करते हुए सरकार के आदेश का पालन नही करने वाले वरीय पदाधिकारियों के विरूद्ध दंडात्मक कार्रवाई की मांग की।

श्री राधा बिहारी ओझा, संयुक्त सचिव, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा यह बतलाया गया कि कभी–कभी वरीय पदाधिकारियों द्वारा तथ्यपरक टिप्पणी नही दी जाती है जिस

# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–800 001

(पंजीयन सं०–633/2003)

E-mail : basa_bihar@yahoo.com


पत्रांक :.................................. दिनांक ................................


अध्यक्ष

अरूण चन्द्र मिश्र

(M) 9835281295

(M) 9939469410

(R) 0612-2526123

\+ + +

उपाध्यक्ष

* शम्भु नाथ मिश्र

(M) 9431619672

(O) 9334387630

(F) 0612-2504498

(R) 0612-2288139

* अख़लाक अहमद

(M) 9934280177

(O) 0612-2219693

\+ + +

महासचिव

सुशील कुमार

(M) 9431091417

(O) 9431818484

\+ + +

संयुक्त सचिव

* राजयनन्द बडियार

(M) 9431093157

(O) 9431818010

* अनिल कुमार

(M) 9431409463

\+ + +

कोषाध्यक्ष

चन्द्र शेखर सिंह

(M) 9334131351

\+ + +

संयुक्त कोषाध्यक्ष

सोमेश बहादुर माथुर

(M) 9431407901

(O) 9334387555


कारण बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों को अनावश्यक परेशानी हो जाती है। इस ओर संघ सचेष्ट रहे तो ऐसे पदाधिकारियों को चिन्हित कराया जा सकता है।

श्री अजय कुमार चौधरी, उप सचिव, वित्त विभाग द्वारा कहा गया कि **कैडर ऑर्गेनाइजेशन** की प्रगति अत्यन्त धीमी है जिसमें गति लाने की आवश्यकता है। संघ को अब इस दिशा में ठोस पहल करनी चाहिए।

वर्तमान कार्यकारिणी के कार्यकाल का एक वर्ष समाप्त हो चुका है, इसलिए संघ की आम सभा भी बुलाई जानी चाहिए। ऐसा सुझाव कतिपय सदस्यों द्वारा दिया गया।

अंत में अध्यक्ष द्वारा चर्चित सभी बिन्दुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला गया तथा सदस्यों को स्मरण दिलाया कि संघ के वरीय पदाधिकारी स्व0 मजरूल आलम एवं उनकी पत्नी की हत्या के कारण उनके वारिसान को अभी तक संघ की ओर से राशि का भुगतान नही किया जा सका है क्योंकि जमा राशि इतनी कम है कि उसका भुगतान कराया जाना संघ के मर्यादा के प्रतिकुल लगता है। विभिन्न जिलों से राशि प्राप्त नही हो सकी, जो अत्यन्त ही खेद का विषय है। महासचिव, संघ के सदस्यों का ध्यान इस ओर आकृष्ट करे एवं शीघ्र राशि जमा कराने का प्रयास करें।

अध्यक्ष द्वारा बिहार प्रशासनिक सेवा के सभी सदस्यों से यह अनुरोध किया गया कि स्व0 मजरूल आलम के वारिसान को संघ की ओर से राशि दियें जाने हेतु सभी सदस्य एक हजार रू0 प्रति सदस्य की दर से 15 दिनों के अन्दर जमा करे। यह संघ की प्रतिष्ठा का सवाल है।

अध्यक्ष ने यह भी सूचना दी कि संघ के जिन सदस्यों पर सरकार द्वारा कार्रवाई की गई है, जब भी इसकी सूचना किसी भी माध्यम से प्राप्त हुई है संघ द्वारा अपेक्षित कार्रवाई की गई है परन्तु आवश्यकता इस बात की है कि संघ के जिला इकाई को मजबूत किया जाय ताकि जिलास्तर पर भी प्रताड़ित सदस्यों के पक्ष में त्वरित कार्रवाई हो।

अध्यक्ष द्वारा आम–सभा के बिन्दु पर बतलाया गया कि आम–सभा बुलाने से पूर्व संघ के आय–व्यय का लेखा–जोखा तैयार होना चाहिए तथा उक्त लेखा–जोखा का अंकेक्षण भी कराया जाना आवश्यक है क्योंकि आम–सभा में अंकेक्षित लेखा प्रस्तुत किया जाता है। गत वर्ष जिस अंकेक्षक के द्वारा अंकेक्षण किया गया था उन्हीं से इस वर्ष का लेखा का अंकेक्षण शीघ्र करा लिया जाय। महासचिव व्यक्तिगत अभिरूचि लेकर इसे करालें ताकि संघ के बॉय-लॉज में निर्धारित समय पर आम सभा बुलाने में कठिनाई नहीं हो।

# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–800 001

(पंजीयन सं०–633/2003)

E-mail : basa_bihar@yahoo.com


पत्रांक :.................................

दिनांक .................................


अध्यक्ष

अरूण चन्द्र मिश्र

(M) 9835281295

(M) 9939469410

(R) 0612-2526123

+ + +

उपाध्यक्ष

* शम्भु नाथ मिश्र

(M) 9431619672

(O) 9334387630

(F) 0612-2504498

(R) 0612-2288139

* अखलाक अहमद

(M) 9934280177

(O) 0612-2219693

+ + +

महासचिव

सुशील कुमार

(M) 9431091417

(O) 9431818484

+ + +

संयुक्त सचिव

* राजयनन्द बडियार

(M) 9431093157

(O) 9431818010

* अनिल कुमार

(M) 9431409463

+ + +

कोषाध्यक्ष

चन्द्र शेखर सिंह

(M) 9334131351

+ + +

संयुक्त कोषाध्यक्ष

सोमेश बहादुर माथुर

(M) 9431407901

(O) 9334387555


**कैडर ऑर्गेनाइजेशन** के बारे में अध्यक्ष द्वारा सूचित किया गया कि बिहार प्रशासनिक सेवा को अपर सचिव एवं विशेष सचिव के पद देने की मंशा सरकार की है एवं इसपर कार्रवाई भी हो रही है। संघ चाहती है कि विशेष सचिव से ऊपर का पद भी बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी को दी जाय एवं इस विषय में संघ प्रयासरत है।

अंत में **श्री शम्मु नाथ मिश्र,** उपाध्यक्ष द्वारा उपस्थित सदस्यों को कार्यकारिणी की बैठक में आने तथा ज्वलंत मुद्दो को उठाने एवं उसपर व्यापक विचार–विर्मश करने के लिए धन्यावाद ज्ञापित किया। तदुपरान्त बैठक की कार्रवाई समाप्त हुई।

14/6/09

(अरूण चन्द्र मिश्र)

अध्यक्ष